सीएम योगी सहित सरकार के दर्जन भर मंत्री कल फिर फरह में रहेंगे

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी भी बढ़ाएंगे शोभा

फरह। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी संग 28 नवंबर को दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, गऊ ग्राम, परखम, फरह में पशु आयुर्वेद एवं पारंपरिक ज्ञान में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम का विमोचन करेंगे। आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय, पशु चिकित्सालय महाविद्यालय का शिलान्यास और अनुवादात्मक चिकित्सा में आयुर्वेद और पंचगव्य अनुसंधान केंद्र का लोकार्पण भी किया जाएगा। यह जानकारी दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के मंत्री हरिशंकर शर्मा ने बुधवार को गऊ ग्राम परखम में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति द्वारा आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गौ संवर्धन, आयुर्वेद, अनुसंधान और शिक्षा को समर्पित विभिन्न प्रमुख प्रकल्पों का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री पशु आयुर्वेद एवं पारंपरिक ज्ञान में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम का विमोचन, अनुवादात्मक चिकित्सा में आयुर्वेद और पंचगव्य अनुसंधान केंद्र तथा श्री नंदीश्वर छात्रावास का लोकार्पण करेंगे। इसके अतिरिक्त, आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय, पशु चिकित्सालय महाविद्यालय तथा आवासीय परिसर का भी शिलान्यास किया जाएगा। मीढ़ियां प्रभारी कीर्ति पी. कुमार ने बताया कि इस समारोह में परम पूज्य निरंजन पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामण्डलेश्वर,



डॉ. स्वामी कैलाशानन्द गिरि जी महाराज एवं आचार्य महामण्डलेश्वर, पंच दशनाम जूना अखाड़ा , अवधेशानन्द गिरि जी महाराज भी होंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी होंगे। समारोह में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में और उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विशिष्ट अतिथि होंगे। इनके अतिरिक्त केन्द्रीय मत्स्य पालन एवं पशुपालन राज्यमंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल, देव संस्कृति विश्वविद्यालय उत्तराखण्ड के कुलाधिपति डॉ. चिन्मय पंड्या, भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी, उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालुए तथा विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री प्रवीण रामदास भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के सर्व व्यवस्था प्रमुख महावीर ने बताया कि समारोह में प्रबुद्ध वर्ग, समाजसेवियों, महाविद्यालयीन विद्यार्थियों, प्रमुख शिक्षाविदों, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, फैकल्टी और समाज परिवर्तन में लगे बंधुओं को बुलाया गया है। डॉ. गौरव श्रीवास्तव ने मॉलिक्युलर बायोलॉजी लैब के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

राया में 262 दिव्यांग बच्चों को वितरित किए गए सहायक उपकरण

ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, हियरिंग एड सहित विभिन्न उपकरण पाकर बच्चों के चेहरे खिले

राया। राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशों के क्रम में दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण एवं उपस्कर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकासखंड राया स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। समग्र शिक्षा के अंतर्गत समेकित शिक्षा के तत्वावधान में एलिम्को कानपुर के सहयोग से आयोजित शिविर में मथुरा जनपद के सभी विकासखंडों से पूर्व में चिह्नित 262 दिव्यांग बच्चों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण वितरित किए गए। शिविर का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा रतन कीर्ति के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में खंड शिक्षा अधिकारी सुमित कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राया चंचल चौधरी के प्रतिनिधि डॉ. रन सिंह, खंड विकास अधिकारी प्रवीण ज्ञा एवं आरएसएम ब्लॉक अध्यक्ष राया हरीश चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। शिविर में बच्चों को 2 ट्राई साइकिल, 37 व्हीलचेयर, 2 सीपी चेयर, 2 एल्बो क्रच, 19 रोलेटर, 5 ब्रेल किट, 138 टीएलएम किट, 4 सुगम्य केन, 54 हियरिंग एड, 1 बिजुअल इंपेयर्ड किट एवं 52 कैलिपर्स वितरित किए गए। सहायक उपकरण पाकर दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। इस दौरान एलिम्को कानपुर की विशेषज्ञ टीम ने दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों को वितरित किए गए उपकरणों के सही उपयोग और उनकी उपयोगिता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। शिविर का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें शिक्षा एवं दैनिक जीवन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सहयोग प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) प्रगति मिश्रा, एलिम्को कानपुर के पुनर्वास विशेषज्ञ आदित्य सूर्यवंशी, शीतल चतुर्वेदी, ऑडियोलॉजिस्ट विकास कुमार, स्पेशल एजुकेटर अजय यादव, योगेश कुमार, पंकज कुमार, आशा यादव, अमन राज, रेखा एवं देवेंद्र गोयल सहित अन्य लोगों ने शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

रालोद: गठबंधन में न सीट का अता पता न प्रत्याशी का, असमंजस में कार्यकर्ता

रालोद के लिए कार्यकर्ताओं को संजोकर रखना कड़ी चुनौती बना

बूथ स्तर तक मजबूत संगठन होने के बावजूद पार्टी में कार्यकर्ता के लिए ज्यादा कुछ करने को नहीं

मथुरा। चुनाव से पहले रालोद का कार्यकर्ता असमंजस में है। यह असमंजस कई स्तरों पर है। राष्ट्रीय लोकदल का मथुरा में मजबूत जनाधार है। बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की भारी भरकम भीड़ मौजूद है। पार्टी के पास कर्मठ कार्यकर्ताओं की भी कमी नहीं है। पार्टी में ऐसे कार्यकर्ताओं की भरमार है उनकी कई पीढ़ियों ने इस दल के साथ काम किया है। रालोद की ओर से जारी की गई जिला कार्यकारिणी में भी पूर्व और वर्तमान ग्राम प्रधानों की संख्या इतनी है कि भाजपा में भी नहीं है। रालोद का विगत पंचायत चुनावों में भी अच्छा प्रदर्शन रहा था। कार्यकर्ताओं की इस भीड़ के लिए असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पार्टी वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा है। वर्तमान में भाजपा के खाते में मथुरा की पांचों विधानसभा सीट हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष से लेकर सांसद, मेयर, चेयरमैन तक भाजपा के खाते हैं। चुने जाने के समय जो भाजपा के नहीं थे बाद में वह भी भाजपाई हो गये। ऐसे में गठबंधन के बाद रालोद के कार्यकर्ता और नेता भाजपा नेताओं के संपर्क में आये और रालोद को अपने तमाम नेताओं को भाजपा में जाने से रोकने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी। यदुवंशी सिंह सिस्सोदिया का प्रकरण भी इसमें शामिल है। रालोद की छवि किसान और गांवों की पार्टी के रूप में रही है। एनडीए का हिस्सा बनने के बाद पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के पास काम ही नहीं रहा। ऐसे में उनकी सक्रियता पर भी सवाल उठते रहे। रालोद नेताओं और कार्यकर्ताओं को अभी तक यह नहीं पता है कि गठबंधन में पार्टी के हिस्से में कितनी और कौन सी सीट आएंगी। हालांकि कार्यकर्ता यह मानकर चल रहे हैं कि अधिकतम दो और न्यूनतम एक सीट पार्टी के खाते में आ सकती है। अब सवाल यह है कि जो सीट पार्टी के खाते में आएगी उस पर किसी स्थानीय कार्यकर्ताओं को टिकट दिया जाएगा या बाहर से लाकर कोई कोई प्रत्याशी लड़ाया जाएगा। बाकी सीटों पर उन्हें गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी के लिए ही काम करना है। ऐसे में इस भारी भरकम कार्यकर्ताओं और नेताओं की भीड़ को सम्हाल कर रखना और तितर बितर होने से बचाना कि बड़ी चुनौती से कम नहीं है। रालोद की जारी की गई कार्यकारिणी में बड़े नेताओं को जगह नहीं दी गई है। चर्चित नामों और चेहरों को भी जगह नहीं दी गई है। इसके बाद भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता खुद को नजर अंदाज किये जाने की बात कर रहे हैं। ऐसे में रालोद के सामने अपने कार्यकर्ताओं को संजोकर रखना भी बड़ी चुनौती होगा।

डीएम ने किया ईवीएम, वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

मथुरा। जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जनपद मथुरा के बाद स्थित ई.वी.एम, वी.वी.पैट वेयरहाउस का मासिक बाहरी निरीक्षण किया। निरीक्षण में समाजवादी पार्टी से तुलसी राम धनगर तथा इंडियन नेशनल कांग्रेस से अशोक कुमार उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम के माध्यम से संपूर्ण क्षेत्र का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि अपने कार्यों को जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। सतर्कता बनाए रखे तथा निरंतर निगरानी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात कर्मियों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सलोनी गौतम सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

ग्राम रोजगार सेवकों को रास नहीं आ रहा पदनाम, बोले ग्राम विकास सहायक कहा जाए

मथुरा। ग्राम रोजगार सेवक ने 20 साल की लगातार सेवा के बाद भी उनकी उपेक्षा किये जाने का आरोप लगाया है। ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष मोर्चा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर कई मांग रखी हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि वित्त 20 वर्षों से ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार सेवक के पद पर कार्य कर रहे है और सरकार द्वारा समय-समय पर किये गये कार्यों के संपादन में अहम भूमिका निभाते है, साथ ही मनरेगा के अन्तर्गत गांव में श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराते है। ज्ञापन में मांग की गई है कि ग्राम रोजगार सेवकों का मानदेय न्यूनतम 24,000 रुपये करते हुए पृथक बजट से प्रतिमाह भुगतान किया जाय।

बढ़ सकती हैं बीएसए की मुश्किलें, शिकायतों की जांच करेगी समिति

शिक्षकों के तबादले संबंधी अनियमितताओं की जांच करेगी समिति

न्यायालय के आदेश पर हुए शिक्षकों के तबादले, बीएसए रतन कीर्ति पर उठ रहे सवालों के बीच सीडीओ ने रखी प्रशासन की स्थिति स्पष्ट

सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता ने कहा, कोर्ट के आदेश के अनुपालन में की गई तबादला प्रक्रिया, शिकायतों की जांच के लिए गठित हुई कमेटी



मथुरा। जिले में शिक्षकों के तबादलों को लेकर उठ रहे सवालों के बीच मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता ने प्रशासन का पक्ष स्पष्ट करते हुए बताया है कि शिक्षकों के तबादले न्यायालय के आदेश के अनुपालन में किए गए हैं। उन्होंने साफ किया कि बीएसए रतन कीर्ति को न्यायालय का आदेश प्राप्त हुआ था, जिसके क्रम में तबादला प्रक्रिया पूरी की गई। वहीं, इस प्रकरण को लेकर प्राप्त शिकायतों की जांच के लिए प्रशासन की ओर से एक कमेटी का गठन भी किया गया है। दरअसल, जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षकों के तबादलों को लेकर पिछले कई दिनों से चर्चाओं का दौर जारी है। तबादला प्रक्रिया को लेकर कुछ लोगों की ओर से सवाल उठाए गए और विभिन्न माध्यमों से प्रशासन को शिकायत भी प्राप्त हुई। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता ने बताया कि बीएसए रतन कीर्ति को न्यायालय का आदेश प्राप्त हुआ था। इसी आदेश के क्रम में शिक्षकों के तबादले किए गए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तबादला प्रकरण को लेकर कई शिकायतें सामने आई हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच के लिए कमेटी गठित की गई है। सीडीओ के इस बयान के बाद तबादला प्रकरण में न्यायालय के आदेश की भूमिका स्पष्ट हुई है। हालांकि, शिकायतों के मद्देनजर गठित जांच कमेटी की रिपोर्ट भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि तबादला प्रक्रिया में निर्धारित नियमों और न्यायालय के निर्देशों का पूरी तरह पालन किया गया है या नहीं। फिलहाल, प्रशासन की ओर से जांच कमेटी गठित किए जाने के बाद अब सभी की निगाहें उसकी रिपोर्ट पर टिकी हैं। जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद ही पूरे प्रकरण की स्थिति और शिकायतों की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी।

एसएसपी ने पांच पुलिस उपाधीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

मथुरा। जनपद में नवागत पुलिस उपाधीक्षकों के आगमन के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने पुलिस विभाग में कार्य क्षेत्रों का पुनर्वितरण किया है। तत्काल प्रभाव से पांच पुलिस उपाधीक्षकों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है। जारी आदेश के अनुसार पुलिस उपाधीक्षक देवेश सिंह को क्षेत्राधिकारी रिफाइनरी बनाया गया है। उनके कार्यक्षेत्र में रिफाइनरी फरह और हाईवे थाने शामिल रहेंगे। पुलिस उपाधीक्षक हिमांशु माथुर को क्षेत्राधिकारी गोवर्धन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके अधीन गोवर्धन बरसाना और मगोरा थाना रहेंगे। पुलिस उपाधीक्षक चमन सिंह चावड़ा को क्षेत्राधिकारी छाता बनाया गया है। उनके कार्यक्षेत्र में छाता कोसीकलां और शेरगढ़ थाने शामिल किए गए हैं। वहीं क्षेत्राधिकारी रिफाइनरी रहे प्रवीण कुमार तिवारी को क्षेत्राधिकारी वृंदावन बनाया गया है। उनके अधीन वृंदावन थाना पर्यटन थाना और साइबर थाना रहेंगे। इसके अलावा क्षेत्राधिकारी वृंदावन रहे संदीप कुमार सिंह को क्षेत्राधिकारी यातायात की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस विभाग में किए गए इस बदलाव को प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

मथुरा। नए बस स्टैंड के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की जानकारी जैसे ही स्थानीय लोगों तक पहुंची, मौके पर लोगों की भीड़ जुटने लगी। घटना की सूचना तत्काल जीआरपी पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम बिना देरी किए घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने रेलवे ट्रैक पर मिले शव का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर मृतक व्यक्ति कौन है और वह रेलवे ट्रैक तक किन परिस्थितियों में पहुंचा? फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी हुई है। रेलवे ट्रैक पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है, ताकि घटना से जुड़ी वास्तविक परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। मृतक की पहचान होने और पुलिस जांच आगे बढ़ने के बाद ही पूरे मामले की तस्वीर साफ हो सकेगी।

आईटीआई के छात्रों ने सीखे अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के तरीके



मथुरा। टोल प्लाजा स्थित द्रोपदी देवी प्राइवेट आईटीआई में नेशनल डिजास्टर एंड फायर सेफ्टी फाउंडेशन के तत्वावधान में एक दिवसीय अग्नि सुरक्षा (फायर सेफ्टी) एवं आपदा प्रबंधन जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को कार्यस्थलों और दैनिक जीवन में होने वाली आकस्मिक दुर्घटनाओं से निपटने के लिए व्यावहारिक रूप से सक्षम बनाना था। प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व फाउंडेशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक यादव ने किया। उनके साथ मथुरा के जिला अध्यक्ष जयबीर यादव, जिला फायर सेफ्टी एवं आपदा प्रबंधन प्रमुख ताहिर खान तथा आगरा जनपद के कार्यकारी सदस्य देवेन्द्र की टीम ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण टीम ने आग लगने के प्रमुख कारणों, विभिन्न श्रेणियों की आग और उन्हें बुझाने की आधुनिक तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। व्यावहारिक सत्र के दौरान छात्रों को अग्निशमन यंत्र (फायर एक्स्टिंग्विशर) चलाने की पासव विधि तथा घरेलू व औद्योगिक गैस सिलेंडर में लगी आग पर सुरक्षित तरीके से काबू पाने का लाइव डेमो करके दिखाया गया। इसके साथ ही, प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओंकृजैसे भूकंप, बाढ़, करंट लगने और सड़क दुर्घटनाओं के दौरान त्वरित बचाव कार्य (रेस्क्यू ऑपरेशन) व प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) के महत्वपूर्ण गुर सिखाए गए। छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ मॉक ड्रिल में भाग लेकर स्वयं उपकरणों का संचालन कर अभ्यास किया। संस्थान प्रबंधन ने फाउंडेशन की पूरी टीम की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण ले रहे युवाओं के लिए सुरक्षा मानकों की जानकारी बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया गया।

प्रशांत यादव को मिली भाजपा में ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री की जिम्मेदारी

मथुरा। भारतीय जनता पार्टी अपने मजबूत संगठनात्मक ढांचे के लिए जानी जाती है। पार्टी का संगठन ही पार्टी की जान है। विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी में लगातार संगठनात्मक बदलाव किये जा रहे हैं। कर्मठ और खांटी कार्यकर्ताओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा रही हैं। भाजपा ओबीसी मोर्चा में प्रशांत यादव को जिला मंत्री नियुक्त किया गया है। संगठन की ओर से उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपे जाने पर समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी जताई। प्रशांत यादव ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने संगठन की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ओबीसी समाज के लोगों को पार्टी से जोड़ने तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रियता से कार्य करने की बात कही। नियुक्ति पर समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री नियुक्त होने पर प्रशांत यादव को महानगर अध्यक्ष कपिल लोधी (बंटी), अंशुल अग्रवाल, विशाल यादव, शुभम दास, अंतिन यादव, प्रसाद यादव, प्रशंत गौतम, शिव प्रकाश शर्मा आदि ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जिलाधिकारी ने डायट के प्रशिक्षुओं को वोट बढ़ाने के लिए किया प्रेरित

मथुरा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षु 2024, 2025 एवं 2026 के डीएलएड प्रशिक्षुओं को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान हेतु फार्म 6 भरने के लिए विशेष अभियान चलाया जिसमें जिलाधिकारी श्री चंद्र प्रकाश सिंह, स्वीप जनपद ऑडिनेटर सलोनी गौतम ज्वाइंट मजिस्ट्रेट(आई ए एस)मथुरा,वरिष्ठ प्रबक्ता संजय डबराल,डायट स्वीप प्रभारी हिमांशु रावत प्रोफेसर दीनदयाल, प्रवक्ता मनीष दयाल, अध्यापक गुरु प्यारी सत्संगी एवं गोवर्धन के सह स्वीप प्रभारी अंकित अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्थान के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक गायन एवं नृत्य करके अधिक से अधिक युवाओं को अपना वोट बढ़ाने की अपील की जिसमें अधिक से अधिक फार्म 6 भर कर अपना योगदान विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2027 हेतु अपना वोट बढ़ाने के लिए किया जाए।डीएलएड प्रशिक्षुओं ने मतदाता जागरूक के संबंध में रंगोली बनाई । जो कार्यक्रम का वह मुख्य आकर्षण रही।मिलन यादव,नम्रता मोना राठौर कमलेश कपिल, अमन , ललित प्रशिक्षुओं ने बैनर के माध्यम से समाज को अधिक से अधिक वोट करने और अपने 18 वर्ष से बड़े बच्चों का प्रथम बार मतदान हेतु नामांकन करने हेतु फॉर्म 6 भरवाने की अपील की। जगत सिंह,स्मृति शर्मा,तनुप्रिया और उमा वर्षा सैनी प्रशिक्षुओं द्वार द्वारा मतदान हेतु एवं मतदान में अपना सहयोग हेतु वोट बढ़ाने के लिए चार्ट और पोस्ट का निर्माण किया और उन्हें प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी मथुरा द्वारा संस्थान में प्रवेश के समय छवि शर्मा,एकता ज्योति,कल्पना संकल्प के साथ बुलंद आवाज में अधिक से अधिक वोट बढ़ाने के लिए संकल्प लिया और अपने वोट का अधिकार के बारे में जग जीवन को बताया। जिलाधिकारी द्वारा सरस्वती पर माल्यार्पण के बाद दीप्रज्वलन के बाद सभी प्रशियों को अधिक से अधिक नामावली में अपना नाम बढ़ाने हेतु फॉर्म 06 ऑनलाइन भरने के लिए अपील कि प्रत्येक प्रशिक्षु तीन ऐसे व्यक्तियों का भी फॉर्म 06 भरवाए जिनका आज तक नामावली में नाम नहीं है, इस चौन को बढ़ाया जाए एक तीन का नाम जोड़े के लिए फॉर्म 06 भरवाए और तीन 09 का व्यक्ति जोड़े इस चौन को जब तक आगे बढ़ानी है जब तक कोई भी व्यक्ति मतदान के नामांकन में अपनी सूची में नाम बढ़ने से रहना जाए हमारा सबसे पहला कर्तव्य है कि हम अपने एक वोट की ताकत दिखाएं और अपने मनपसंद नेता को चुने डीएम ने सभी से आग्रह किया कि जिनके नाम मतदाता सूची में नाम नहीं है वह तत्काल ऑनलाइन या पोर्टल के माध्यम से या इसव के माध्यम से अपना फार्म आज ही भरे जो व्यक्ति का अगर एक से अधिक जगह वोट है तो वे अपना फार्म 7 भरकर अपना नाम एक अन्य जगह से कटवा सकते हैं।फॉर्म 08 से संशोधन करवा सकते हैं।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सलोनी गौतम ने प्रशिक्षुओं को मतदाता पंजीकरण, नाम जुड़वाने, संशोधन तथा निर्वाचन आयोग की ऑनलाइन सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने पात्र युवाओं को फॉर्म-6 भरने की प्रक्रिया भी समझाई। संस्थान से संजय डबराल, वरिष्ठ प्रवक्ता हिमांशु रावत डायट स्वीप प्रभारी, संतोष कुमार सिंह, प्रवक्ता शिखा शर्मा, प्रवक्ता नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

मथुरा। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मांट पुलिस ने हत्या के प्रयास से संबंधित मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विपिन पुत्र चन्दाम, निवासी गांव नगला काशी, कसेरा कलां, थाना मांट, जनपद मथुरा के रूप में हुई है। आरोपी की उम्र करीब 32 वर्ष बताई गई है। पुलिस के अनुसार, 25 नवंबर 2026 को रात करीब 8 बजकर 50 मिनट पर पुलिस टीम ने थाना राया क्षेत्र में राया फाटक के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी थाना मांट में दर्ज मुकदमा संख्या 270/26 में वांछित चल रहा था। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 352, 351(3), 109(1) और 118(1) के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की। इस कार्रवाई को उपनिरीक्षक हरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार और कांस्टेबल ओमवीर सैनी शामिल रहे।

अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह विरोधी दिवस पर कुरीति के खिलाफ फूंका बिगुल

मथुरा। भारत को 2030 तक बाल विवाह मुक्त बनाने के संकल्प के साथ देशभर में चल रही इस मुहिम की गूंज (मथुरा) में भी सुनाई दी। बाल, कम उम्र और जबरन विवाह के उन्मूलन के पहले अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर नागरिक समाज संगठन (सदरण संस्था) ने जिले में (50) जागरूकता और शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए। बाल विवाह से बचाई गई लड़कियों, बाल विवाह रुकवाने में अहम भूमिका निभाने वाली महिलाओं और विभिन्न क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर बदलाव की वाहक बनी महिला नेतृत्वकर्ताओं की अगुवाई में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लेकर बाल विवाह के खिलाफ एकजुटता दिखाई और इस अपराध को समाप्त करने का संकल्प लिया। इसमें धर्म गुरुओं ने भी हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में अपना बाल विवाह रुकवाने वाली बहादुर बेटियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख लोगों (लेबर डिपार्टमेंट से राजकुमार सर, डीपीओ ऑफिस से शिवम बघेल, वन डिपार्मेंट सेंटर से नीतू सिंह, चाल्ड हेल्प लाइन से संजू से आशीष भदौरिया ने हिस्सा लिया। बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए काम करने वाले नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। इस दौरान निकाले गए कैंडल मार्च में बाल विवाह से प्रभावित महिलाओं, बच्चों, पुरुषों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने हिस्सा लिया। लोगों ने न केवल बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली, बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी समाज को इस अपराध के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। अभियान की खास बात यह रही कि इसमें केवल आम नागरिक ही नहीं, बल्कि विवाह समारोहों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी हितधारक भी शामिल हुए। पुरोहितों, मौलवियों, हलवाइयों, रसोइयों, सजावट का काम करने वालों, बैंड-बाजा संचालकों, टेंट वालों और शादी के कार्ड छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस मालिकों ने न केवल कार्यक्रम में हिस्सा लिया बल्कि शपथ भी ली कि वे किसी भी बाल विवाह में भागीदार नहीं बनेंगे।

